सप्तदश बिहार विधान सभा

प्रथम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-03 बुधवार, दिनांक- 25 नवम्बर, 2020 ई० ।

मा० अस्थायी अध्यक्ष, श्री जीतन राम मांझी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.02 बजे अप० तक

[1] माननीय सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण :-

माननीय अस्थायी अध्यक्ष महोदय की अनुमति से शपथ / प्रतिज्ञान की कार्यवाही प्रारंभ हुई जिसमें कुल 04 (चार) माननीय सदस्यों ने बारी-बारी से शपथ / प्रतिज्ञान किया ।

[2] अध्यक्ष का निर्वाचन :-

अध्यक्ष के निर्वाचन के पूर्व अस्थायी अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभा सचिव ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त आदेश को निम्न प्रकार पढ़ा :-

''बिहार विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 9(1) के अनुसार, मैं फागू चौहान, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान सभा के अध्यक्ष के चुनाव के लिए दिनांक- 25 नवम्बर, 2020 की तिथि निर्धारित करता हूँ ।

पटना ह०/- फागू चौहान

दिनांक-17.11.2020 राज्यपाल, बिहार ।''

पुन: अस्थायी अध्यक्ष की अनुमति से सभा सचिव ने बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 9 एवं 56 जो क्रमश: अध्यक्ष के निर्वाचन एवं मत विभाजन से संबंधित है को पढ़कर सुनाया ।

इसी क्रम में माननीय सदस्य श्री अख्तरूल ईमान द्वारा आसन से अनुरोध किया गया कि अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से हो ।

माननीय अस्थायी अध्यक्ष द्वारा इस विषय को सही समय पर सदन में रखने का अपनी ओर से आश्वासन दिया गया ।

तदुपरांत अस्थायी अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि बिहार विधान सभा के अध्यक्ष पद के लिए अलग-अलग 16 (सोलह) प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिसमें 11 (ग्यारह) प्रस्ताव श्री विजय कुमार सिन्हा, स०वि०स० के पक्ष में हैं तथा 05 प्रस्ताव श्री अवध विहारी चौधरी, स०वि०स० के पक्ष में हैं ।

इन सभी प्रस्तावों में सर्वप्रथम प्राप्त प्रस्ताव को सदन में पेश करने हेतु श्री नितिन नवीन, स०वि०स०, प्रस्तावक सदस्य को अनुमति दी । तत्पश्चात् श्री नितिन नवीन, स०वि०स० ने प्रस्ताव किया कि श्री विजय कुमार सिन्हा, स०वि०स० बिहार विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें, जिसका अनुमोदन श्रीमती अरूणा देवी, स०वि०स० द्वारा किया गया ।

तदुपरान्त् श्री अजीत शर्मा, स०वि०स० प्रस्तावक सदस्य को अनुमति दी । तत्पश्चात् श्री अजीत शर्मा, स०वि०स० ने प्रस्ताव किया कि श्री अवध विहारी चौधरी, स०वि०स० बिहार विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें, जिसका अनुमोदन श्री महबूब आलम, स०वि०स० द्वारा किया गया ।

तत्पश्चात् माननीय अस्थायी अध्यक्ष द्वारा सदन से जानना चाहा कि क्या पूर्व परम्परा के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन सर्वसम्मति से हो । किन्तु सर्वसम्मति सदन में नहीं बनी ।

तदुपरान्त् विपक्ष के माननीय सदस्यगण मतदान में अपनाई जा रही प्रक्रिया का विरोध करने लगे और शोर-गुल करते हुए वेल में आ गए ।

माननीय संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी ने अपनाई जा रही प्रक्रिया पर सदन की स्थापित परम्परा का हवाला दिया ।

माननीय अस्थायी अध्यक्ष ने बार-बार विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने अपने स्थान पर जा कर मत प्रक्रिया में शामिल होने का अनुरोध किया गया किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही 12.20 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

<u>स्थगनोपरान्त</u> :-

(12.20 बजे अप० से 01.15 बजे अप० तक)

(माननीय अस्थाई अध्यक्ष श्री जीतन राम मांझी ने आसन ग्रहण किया)

माननीय अस्थायी अध्यक्ष की अनुमति से अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया पुन: प्रारंभ की गई तथा बारी-बारी से पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यों को अपने-अपने स्थान पर खड़ा करा कर उनकी गिनती की गई जिसके पश्चात् श्री विजय कुमार सिन्हा, स०वि०स० के पक्ष में 126 मत तथा उनके विरोध में 114 मत पड़े ।

तत्पश्चात् माननीय अस्थायी अध्यक्ष द्वारा श्री विजय कुमार सिन्हा, स०वि०स० को अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की गयी ।

तदुपरांत अस्थायी अध्यक्ष महोदय की अनुमति से माननीय मुख्यमंत्री एवं श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, स०वि०स० ने ससम्मान श्री विजय कुमार सिन्हा को अध्यक्ष के आसन तक ले गए एवं आसन पर बिठाया । आसन ग्रहण करने के पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आभार व्यक्त किया गया ।

[3] <u>अध्यक्ष को बधाई</u> :-

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं निम्नांकित सभासदों ने अध्यक्ष को बधाई दी तथा उनके प्रति शुभकामना प्रकट की :-

(i) श्री तारकिशोर प्रसाद, माननीय उप मुख्य मंत्री,
(ii) श्रीमती रेणु देवी, माननीय उप मुख्य मंत्री
(iii) श्री विजय कुमार चौधरी, माननीय मंत्री
(iv) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव,
(v) श्री अजीत शर्मा
(vi) श्री महबूब आलम
(vii) श्री मुकेश सहनी, माननीय मंत्री
(viii) श्री जीतन राम मांझी
(ix) श्री अख्तारूल ईमान
(x) श्री राजकुमार सिंह
(xi) श्री राम रतन सिंह

[4] **<u>अध्यक्ष का संबोधन:-</u>**

यथा संलग्न ।

तदुपरांत सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक-26 नवम्बर, 2020 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-25.11.2020

राज कुमार सिंह

सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।